हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 11 जुलाई 2024

06 शहर के मुख्य मार्गों पर जमा हो रहा नाली का पानी...


07 5 साल के बच्चे की पीठ पर अब 5 किलो का....




### बरेली रोड पर हुआ हादसा, पुलिस ने मर्ग किया कायम, घटना की विवेचना जारी

# पिपरिया के पास कार पेड़ से टकराई 5 युवाओं की मौत, 6 गंभीर घायल

पिछले कुछ दिनों से नर्मदांचल में तेज रफ्तार चल रहे वाहनों से हादसों के ग्राफ लगातार बढ़ रहे हैं। मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात पिपरिया के ग्राम पंचायत पचलावरा के पास बरेली रोड पर एक टवेरा कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें 5 युवाओं की मौत हो गई, वहीं 6 अन्य युवा घायल हैं। पिपरिया पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण विवेचना में ले लिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/पिपरिया

नर्मदापुरम में एक टवेरा कार सड़क से उतरकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 11 युवकों को चोट आई। पिपरिया अस्पताल लाते-लाते 5 युवकों की जान चली गई। वहीं 6 युवक घायल हैं, जिन्हें रात में ही नर्मदापुरम के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में इनमें से 5 को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार टवेरा कार में सवार सभी युवा सोमवार को सभी शादी में सांडिया गए थे। वहां से रात 1.30 बजे पिपरिया लौटते समय हादसा हो गया। कार का ऊपरी हिस्सा पेड़ की डाल से रगड़ता हुआ निकला। डाल टूटकर छत पर गिर गई। इस वजह से सभी के सिर में चोट आई है। मृतकों में तीन नरसिंहपुर और दो नर्मदापुरम जिले के हैं।

पिपरिया सिटी थाने के एसआई एमएस बट्टी ने बताया कि घायलों को गाड़ी के कांच तोड़कर बाहर निकाला गया। पुलिस मौके पर है। मामले की जांच की जा रही है। कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह ने अस्पताल में घायलों के परिजन से मुलाकात की। उन्होंने स्टाफ से भी घायलों की हालत के बारे में जानकारी ली।



#### दो दिन पहले भी हो चुका हादसा

रविवार को नर्मदापुरम के फोरलेन नेशनल हाइवे 46 पर रात्रि करीब सवा 10 बजे एक तेज गति से आ रही कार बाइक से टकरा गई जिसमें 3 लोगों की मौत हो चुकी है। सुधि नागरिकों का कहना है कि फोरलेन सहित अन्य मार्गों पर संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए कार्यवाही की जानी चाहिए, ताकि लोग सड़क हादसे का शिकार न हो सके।

#### हादसे में मृत हुए युवा

- मयंक चौरसिया (22), पिपरिया (नर्मदापुरम)
- अमन मालवीय (21), पिपरिया (नर्मदापुरम)
- शोभित राजपूत (20), पिपरिया (नर्मदापुरम)
- श्रेयांश जैन (23) बरमान (नरसिंहपुर)
- प्रदुम्न अग्रवाल (26), करेली (नरसिंहपुर)

#### इन घायलों का उपचार जारी

- आयुष शर्मा (25), करेली (नरसिंहपुर)
- मयंक सोनी (19), करेली (नरसिंहपुर)
- ऋषभ चौरसिया (22), पिपरिया (नर्मदापुरम)
- दिनेश साहू (22), पिपरिया (नर्मदापुरम)
- हर्षित विश्वकर्मा (21) (नर्मदापुरम)
- आदर्श चौरसिया, पिपरिया (नर्मदापुरम)

#### शहर के निजी अस्पताल में चल रहा इलाज



*नर्मदा अपना अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार घटना में 5 घायल अस्पताल में भर्ती हैं। डॉक्टर ऋत्विक यादव ने बताया कि करेली निवासी आयुष शर्मा (23) वेंटिलेटर पर है। पिपरिया निवासी ऋषभ चौरसिया भी ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। पिपरिया के ही आदर्श चौरसिया (24), हर्षित विश्वकर्मा (24) और मयंक सोनी (19) निवासी करेली का इलाज चल रहा है। पिपरिया निवासी दीपेश साहू (22) जिला अस्पताल में भर्ती है।*

#### सामने से कार आने पर हुआ हादसा



*पिपरिया निवासी घायल आदर्श चौरसिया का कहना है, 'सांडिया में रिश्ते के चाचा नीरज चौरसिया की शादी थी। वहां से ही पिपरिया लौट रहे थे। गाड़ी आयुष शर्मा चला रहा था। मैं पीछे बैठा हुआ था। हमारी गाड़ी नॉर्मल स्पीड में थी। सामने अचानक से कार आ गई। आयुष कंट्रोल नहीं कर पाया और टवेरा खेत में घुस गई। जिससे यह सड़क हादसा घटित हो गया। घटना के समय युवाओं को कार का कांच तोड़कर बाहर निकाला गया।*

# मूंग उपार्जन केंद्र में गड़बड़झाला वेयरहाउस में मिली अतिरिक्त मूंग

### प्रबंधक, मालिक समेत 3 पर मामला होगा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



ग्रीष्मकालीन मूंग उत्पादन में नंबर वन जिले नर्मदापुरम में मूंग उपार्जन में एक केंद्र पर बड़ी गड़बड़ी सामने आई। जिले के इटारसी के पास प्लेटिनम एग्रो पार्कवेयर हाउस में बने उपार्जन पर खरीदी की मात्रा से 318 क्विंटल मूंग अधिक पाया गया, जो बिना एफक्यू का अमानक मिला। जिला उपार्जन समिति सदस्यों के निरीक्षण में ये गड़बड़ी उगाजर हुई। अधिक मिली मूंग की कीमत करीब 28 लाख रुपए है।

कृषि विभाग के उपसंचालक जेआर हेडाऊ ने प्लेटिनम एग्रो वेयरहाउस के मालिक, सेवा सहकारी समिति रामपुर के प्रबंधक हिमांशु जायसवाल, उपार्जन केंद्र प्रभारी के खिलाफ वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को आदेश दिए। 8 जुलाई को जिला उपार्जन समिति के सदस्यों ने मूंग उपार्जन विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत स्थापित मूंग उपार्जन केंद्र प्लेटिनम एग्रो पार्क चेयरहाउस सोमलवाड़ा का निरीक्षण किया। जहां वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति रामपुर किसानों से मूंग खरीदी कर रही है। निरीक्षण में खरीदी गई मात्रा से अधिक मूंग मिलने के अलावा अन्य अनियमितता मिली। प्रकरण में शासन के निर्देशों का उल्लंघन कर, उपार्जन नीति अनुरूप कार्य नहीं मिला। अनाधिकृत रूप से मूंग एकत्रित मिलने पर कलेक्टर निर्देशानुसार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखंड केसला, शाखा प्रबंधक वेयरहाउस कारपोरेशन, क्षेत्रीय प्रतिनिधि मार्कफेड संयुक्त रूप से संबंधित क्षेत्र के पुलिस थाना में 9 जुलाई को एफआईआर के आदेश दिए गए। जिनमें उल्लंघन करने वाले प्लेटिनम एग्रो पार्क वेयरहाउस के मालिक, वेयरहाउस पर उपार्जन करने वाली सेवा सहकारी समिति रामपुर के प्रबंधक हिमांशु जायसवाल निवासी रायपुर, उपार्जन केंद्र वेयरहाउस के खिलाफ एफआईआर होगी। उपसंचालक जेआर हेडाऊ ने बताया कि वेयरहाउस पर बने केंद्र पर खरीदी की मात्रा से अधिक मूंग मिली है। हमने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर के आदेश दिए है। सिटी थाना टीआई गौरव बुंदेला ने बताया मैं सुबह से थाने में हूं। फिलहाल कोई एफआईआर कराने नहीं आया है।

#### ये अनियमितता मिली

उक्त उपार्जन केंद्र पर ई-उपार्जन पोर्टल के अनुसार कुल खरीदी मात्रा 837.50 क्विंटल प्रदर्शित हो रहीं थी, उपार्जन संस्था के द्वारा 730.50 क्विंटल के हैंडलिंग चालान जारी किए गए थे। उपार्जन केंद्र पर भौतिक सत्यापन करने पर मूंग स्कंध की 2311 बोरी लगभग वजन 1155.55 क्विंटल पाया गया, जो कि वास्तविक खरीदी की मात्रा से अनाधिकृत रूप से 318 क्विंटल अधिक मात्रा का स्कंध गोदाम के स्टैक में रखा जाना पाया गया। इस उपार्जन केंद्र पर निरीक्षण के समय गोदाम के स्टैक में रखे गए उपार्जित मूंग की बोरियों में लगे टैग पर किसान कोड अंकित नहीं था एवं उक्त स्कंध के स्टैंक का बाहय रूप से सैम्पल लेने पर बैग-टू-बैग नॉन एफएक्यू स्तर का होना पाया गया।

#### छन्ना, पंखा एवं ग्रेडिंग मशीन चालू नहीं मिली

वेयरहाउस प्रबंध अनिवेद दुबे का कहना है कि पिछले 3-4 दिन से ई-उपार्जन पोर्टल अत्यंत धीमा या डाउन चल रहा है और किसानों की उपज के बिल बनाने के लिए मोबाइल पर ओटीपी भी नहीं आ रहे है। जिस कारण लगभग 318 क्विंटल की मूंग उपज के बिल नहीं बनाए जा सके हैं। एमपीडब्ल्यूएलसी शाखा प्रबंधक द्वारा कल एक कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्त हुआ। जिसके जवाब में अतिरिक्त मूंग किन किसानों की है, किसान कोड और स्लॉट बुकिंग दिनांक के साथ उपलब्ध करा दी गई है बुधवार को ई उपार्जन पोर्टल ठीक काम करने से सारी मूंग के बिल उनके किसानों के खातों में बनवा दिए गए हैं।

# नपा कामकारों ने सौंपा सीएमओ को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपा सीएमओ हमेश्वरी पटले को नगर पालिका में कार्यरत कामगारों की मांगों के संबंध में संघ द्वारा मांगों को लेकर एक ज्ञापन दिया। जिसमें मुख्य मांगे है कि कर्मचारियों की एन. पी. एस. की राशि की जानकारी प्रदाय की जाये। सातवें वेतनमान की बकाया राशि का भुगतान कराया जाए। सफाई कामगारों को सफाई सामग्री झाडू फावड़ा, पंजर, तगाड़ी आदि मुहैया कराई जाये साथ ही बारिश के मौसम को देखते हुये, सभी कामगारों को बरसाती प्रदाय की जाए। आऊट सोर्स के कर्मचारियों का वेतन समय पर भुगतान कराया जाये जो कि विगत 2 माह से नहीं हुआ है। नगर पालिका का कार्यक्षेत्र एवं शहर के विस्तार को देखते हुये महिला एवं पुरुष सफाई कामगारों की भर्ती की जाए।

# पटवारी की हृदय गति रुकने से मौत, पटवारी संघ ने लगाया एसडीएम पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

तहसील पिपरिया में पदस्थ पटवारी प्रवीण मेहरा की बुधवार को पेशी से आने के बाद तनाव के चलते हार्टअटैक आने से मौत हो गई। एसडीएम की दुषित मानसिकता से दी गई प्रताड़ना और गलत कार्यवाही से पटवारी की असामयिक मृत्यु से अक्रौशित जिले के पटवारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। पटवारी संघ पदाधिकारियों ने बताया कि एक फौती के न्यायालय तहसीलदार द्वारा किए गए आदेश में अनुविभागीय अधिकारी ने आदेश करने वाले जांच करने वाले न्यायालय में बयान लेने वाले आवेदक से लेकर आदेश तक की प्रक्रिया में संलग्न समस्त अधिकारी कर्मचारियों को छोड़ते हुए मात्र दुर्भावना के चलते।

पटवारी पर एफआईआर करा दी जबकि किसी भी मामले में पटवारी केवल वस्तुस्थिति का स्थानीय पूछताछ के आधार पर प्रतिवेदक होता है न कि निर्णायक और न ही जांच करता। अगर स्थानीय लोगों द्वारा गलत जानकारी दी जाती है तो पटवारी के पास ऐसा कोई संयंत्र या पैमाना नहीं कि वो झूठ पकड़ सके। कर्तव्य निर्वहन के दौरान स्थानीय स्तर पर प्राप्त मिथ्या



जानकारी के लिए पटवारी कैसे दोषी हो सकता है। न्यायालय को समुचित जांच करनी चाहिए फिर आदेश करना चाहिए।

वरना न्यायालय का औचित्य क्या रहा। आदेश करने वाला बयान लेने वाले झूठी जानकारी देने वालों को छोड़कर मात्र पटवारी पर एफआईआर कराना साफ प्रदर्शित करता है कि पटवारी को प्रताड़ित करने के लिए ये काम नियमों को ताक पर रखकर किया गया है। नर्मदापुरम के पटवारियों ने 24 घंटे में दोषियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या और गलत आदेश पारित करने पर एफआईआर कराई जाए उक्त दोषी अधिकारी को तत्काल हटाया जाय। जो न्यायालय पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर आदेश कर रहे हैं और लास्ट में गलत आदेश के होने पर पटवारी की जवाबदेही होगी लिखकर आदेश कर रहे हैं उसे बंद कराया जाए। सब अगर पटवारी कर रहा तो न्यायालय क्या कर रहा है फिर ऐसे गैरवाजिब आदेशों को बंद किया जाए। मृतक की पत्नी को शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति दी जाए सहित विभिन्न गलत निर्णय को सुधारने कार्यवाही करने की मांग रखी। 24 घंटे में कार्यवाही नहीं होती है तो पटवारी शुक्रवार से सामूहिक अवकाश पर चले जायेंगे और तीन दिन में कार्यवाही न होने पर संपूर्ण काम बंद कर देंगे कार्यवाही न होने तक के लिए। ज्ञापन देने वालों में अंजू नारोलिया देवेन्द्र जाटव दिनेश तिवारी नरेंद्र सोलंकी प्रवीण चौधरी भगवत चौहान प्रताप ठाकुर सुमित वर्मा प्रकाश विलासपुरिया, शिखा शर्मा, सरिता सिंधु, जितेन्द्र पाटकर, स्वेता गौर, ममता पथोरिया, नितिन शर्मा, मुकेश गौर, मुकेश कुर्मी, श्याम रघुवंशी, प्रदीप यादव, लोकेश ठाकरे, देवेन्द्र खंडेरिया, अरविंद रघुवंशी, हरि स्वामी, प्रशांत शर्मा सहित सैंकड़ों की संख्या में जिले के सभी पटवारी उपस्थित रहे।

# आबकारी टीम ने जब्त की अवैध शराब, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के अवैध शराब के विक्रय निर्माण परिवहन संग्रहण के परिपेक्ष में निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में जिले अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत बुधवार को इटारसी शहर आबकारी के द्वारा मदिरा के अबैध विक्रय, परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जारही है। जिसमे इटारसी के नाला मोहल्ला क्षेत्र में दविश देकर 10 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 370 किलोग्राम लहान जप्त कर अनुपयोगी किया गया। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 02 प्रकरण कायम किया गये। जप्त मदिरा की अनुमानित कीमत 39 हजार है। कार्रवाई में आबकारी उडनदस्ता से आबकारी उपनिरीक्षक के के



पडरिया , आबकारी आरक्षक मदन रघुवंशी, विकास लोखंडे का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा सटीक सूचनाएं संकलित कर इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### जिले में अब तक 188.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम**। जिले में 1 जून 2024 से बुधवार को प्रातः 8 बजे तक जिले में 188.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 198.0 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 10 जुलाई 2024 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 0.0 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 1.5 , इटारसी मे 0.0, माखननगर में 0.0 , सोहागपुर में 1.2, पिपरिया में 0.0 , बनखेड़ी 0.0, पचमढ़ी में 1.8 एवं डोलरिया तहसील में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। मानसून की वर्षा सतत जारी है। इसके चलते नर्मदा नदी एवं विभिन्न जलाशयों में भी जलस्तर में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 934 फीट है, तवा जलाशय का 1121.30 फीट है, बरगी जलाशय का 411.50 मीटर एवं बारना जलाशय 343.02 मीटर दर्ज किया गया है।

# रूस से पदक लेकर लौटी चारु का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटन्स की छात्रा चारु चिचाम रूस में आयोजित चिल्ड्रन एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतकर शहर लौटी तो रेलवे स्टेशन पर उसका भव्य स्वागत किया गया।



ज्ञात रहे कि रूस के याकूतस्क शहर में आयोजित 8वीं चिल्ड्रंस ऑफ एशिया कुराश खेल में समेरिटन्स स्कूल की छात्रा चारु चिचाम ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया। चारु मंगलवार को वापस लौटी। इस दौरान उसकी कोच वैशाली तिवारी, एनसीसी के सूबेदार अथर्व हुसैन, हवलदार आमिर असरफ, विजय श्रीवास्तव आदि ने उसका स्वागत किया।

### समेरिटन्स स्कूल में हुआ आयोजन

# छात्रों ने दिखाई एनसीसी में रूचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

13 एमपी बटालियन से संबद्ध समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल मालाखेड़ी नर्मदापुरम में आज कमान अधिकारी कर्नल हरप्रीत सिंह, एडम आफिसर एस चटवाल के निर्देश एवं सूबेदार मेजर जीबी सिंह, समेरिट्स ग्रुप के डा आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एनसीसी मैनेजर प्रदीप यादव की उपस्थिति में 25 जूनियर डिविजन के एनसीसी केडिट्स की भर्ती प्रक्रिया आज संपन्न हुई। जिसमे सर्वप्रथम 200 मीटर दौड़ आयोजित हुई, बच्चो का कद, वजन, सीटअप पुश अप लिया गया। उसके उपरांत मौखिक परीक्षा ली गई। इस सारी प्रक्रिया को संपन्न कराने में एसोसिएट एनसीसी आफिसर टीओ



विजय प्रकाश श्रीवास्तव, हवलदार सतीश कुमार, हवलदार मनोज कुमार, केयर टेकर आफिसर ममता चौहान एवम सीनियर एनसीसी केडिट्स ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ आशुतोष शर्मा ने कैडेट्सों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि एनसीसी राष्ट्र और समाज सेवा के लिए महत्वपूर्ण है।

# नगर की पानी की टंकियों की सफाई करें : नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वर्षाकाल में नगरपालिका द्वारा नगर के नागरिकों को स्वच्छ जल मुहैया कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहीं हैं। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा नगरपालिका की जलप्रदाय शाखा के कर्मचारियों और अधिकारियों की बैठक लेकर नगर की समस्त पानी की टंकियों की सफाई करने के निर्देश दिए हैं। ध्यान रहे कि वर्षाकाल के दौरान हर वर्ष नगरपालिका द्वारा पानी की टंकियों की सफाई की जाती है। जिससे कि नागरिकों को साफ स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके। नपाध्यक्ष द्वारा नगर में पेयजल सफाई से संबंधित पेयजल लाइन का दुरूस्तीकरण, विस्तार और पानी के प्रेशर की समस्या के निराकरण के



निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में पेयजल का दुरुपयोग किया जा रहा है। कहीं कहीं तो नलों में टोंटियां नहीं है जिससे भारी मात्रा में जल का अपव्यय हो रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए लोगों को मुनादी, एनाउसमेंट कर जागरूक किया जाए। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति नल में टोंटियां नहीं लगवाता है उस पर चलानी करने तथा नल कनेक्शन बिच्छेदन की कार्रवाई करें।

#### पानी की टंकियां होंगी साफ

नपाध्यक्ष नीतू यादव ने हर वर्ष नगर में स्थित पानी की टंकियों को साफ किया जाता है। इस वर्ष भी पेयजल टंकियों की सफाई करने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने चंदेल को दी श्रद्धांजली



**बैतूल।** भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल के पिता स्व. कमलसिंह चंदेल के आकस्मिक निधन पर भाजपा परिवार ने शोक संवेदना व्यक्त की है। विदित हो कि श्री चंदेल कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। श्री चंदेल के असामयिक निधन पर जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुख की इस घडी में ईश्वर से दिवंगत की शांति एवं चंदेल परिवार को यह दुख सहन करने की कामना परमपिता परमेश्वर से की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद दुर्गादास उइके, जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला, विधायक हेमंत खंडेलवाल, डॉ.योगेश पंडाग्रे, महेन्द्र सिंह चौहान, चंद्रशेखर देशमुख, गंगा सज्जन सिंह उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, नपाध्यक्ष पार्वती बारस्कर सहित समस्त भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्तागण इत्यादि प्रमुख है।

### बच्चों को दी गई नए कानून की जानकारी

**बैतूल।** कोतवाली पुलिस द्वारा न्यू बैतूल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 11वी और कक्षा 12वी के छात्र छात्राओं को नवीन आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता एवम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के संबंध में जानकारी दी इसके साथ ही महिला संबंधी मामले की जानकारी नियम और कानून के बारे में बताया। साइबर अपराध क्या है इससे कैसे बचा जा सकता है केसे साइबर क्राइम से सतर्क रहना चाहिए इस विषय पर चर्चा की। बच्चियों को निर्भया मोबाइल के बारे में जानकारी दी उनका मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया गया कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल अजय तिवारी स्कूल का स्टाफ एवम थाना कोतवाली, चित्रा कुमरे, ललिता इवने, निर्मला एवम स्टाफ उपस्थित थे।

### प्राइवेट डॉक्टर पर गलत इलाज का आरोप

**बैतूल।** प्रायवेट डॉक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए पीड़ति ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ने दूसरी बीमारी का इलाज किया जिसके कारण इंजेक्शन लगने के स्थान पर बच्चे को सूजन आ गई है। पीड़ति ने बच्चे का इलाज दूसरे डॉक्टर के यहां कराया। जिसमें उसको 15 हजार रुपए का खर्च आया है। जब पीड़ति पिता ने संबंधित डॉक्टर से शिकायत की तो उन्हें डॉक्टर ने धमकी दी जिसकी शिकायत उन्होंने कोतवाली में दर्ज कराई है। वहीं डॉक्टर ने आरोप खारिज करते हुए कहा कि उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा था और धमकी दी जा रही थी जिसकी शिकायत उन्होंने भी पुलिस से की है। झारकुंड निवासी कुशल चौहान ने कोतवाली में दिए आवेदन में बताया कि 2 जुलाई को वे अपने बेटे योगेश्वर चौहान का इलाज कराने के लिए डॉक्टर अंतरिक्ष आजाद के यहां गए थे।

### जेईई, नीट व क्लेट की निशुल्क कोचिंग

**सीहोर।** जनजातीय विद्यार्थियों को जेईई, नीट और क्लेट सहित अन्य परीक्षाओं की कोचिंग फ्री दी जाएगी। यह कोचिंग इंदौर, भोपाल और जबलपुर में होगी। जनजातीय कार्य विभाग ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आकांक्षा योजना बनाई है। योजना के तहत 10वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। विद्यार्थियों का कोचिंग संस्थान की प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर चयन होगा। योजना के तहत 2024-25 में राज्य स्तर पर प्रवेश परीक्षा में 400 विद्यार्थियों का चयन जेईई के लिए किया जाएगा। जेईई की कोचिंग भोपाल, नीट की कोचिंग इंदौर और क्लेट की कोचिंग के लिए जबलपुर को चुना है। नीट और क्लेट में 200-200 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

### इलेक्टिव सब्जेक्ट शामिल करना अनिवार्य

**सीहोर।** उच्च शिक्षण संस्थानों में एनसीसी को इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में शामिल करना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में यूजीसी ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

# शहर के मुख्य मार्गो पर जमा हो रहा नाली का पानी फैल रही बदबू

## मामला- 1 कोठीबाजार मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र पर बस स्टैंड से लल्ली चौक जाने वाली रोड पर नाली चौक, बदबू फैलने से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

स्वच्छता में बैतूल को नंबर वन बनाने का दिवास्वप्न देख रही नगर पालिका परिषद बैतूल की खस्ताहाल नालिया और मुख्य सड़कें ही विभाग को आईना दिखाने का काम कर रही हैं। बस स्टैंड से लल्ली चौक की तरफ जाने वाली मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र की रोड पर भी पीटीसी सुपर बाजार के सामने की नाली पिछले कई महीनों से बुरी तरह से चौक है। जिसकी सफाई भी लम्बे समय से नहीं होने से यहां जबरदस्त तरीके से बदबू फैल गई है और मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र होने के चलते यहां के दुकानदार तथा बड़ी संख्या में आने-जाने, गुजरने वाले लोग बुरी तरह से परेशान है। नगर पालिका में यहां के दुकानदारों ने कई बार शिकायत भी की, लेकिन अभी तक न तो कोई ठोस कार्रवाई हुई और न हीं कोई सुनवाई हो रही है। दुकानदार आशु दुबे ने बताया कि शहर के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र के मार्ग पर स्थित इस नाली को नगर पालिका के द्वारा ही अतिक्रमण हटाने के नाम पर तोड़ा गया था, अब नाली के ऊपर किसका अतिक्रमण था, यह तो नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी ही बता सकते हैं, जिन्होंने नाली को बिना सोचे-विचारे तोड़ दिया है जो कि अब बरसात में लबालब तरीके से भरकर बुरी तरह से चौक होकर मुसीबत बनी हुई है और तो और इसको साफ करने का नाम भी नगर पालिका के कर्मचारी नहीं ले रहें है। दुकानदार संजीव जैन ने बताया कि लम्बे समय से नाली चौक होकर ओवरफ्लो होने से उनकी दुकान के सामने की पूरी लाइन में गंदगी फैली हुई है, और पानी जमा होने से मलेरिया और डेंगू के मच्छर सब दूर फैल रहे हैं। इससे बीमारियों का अंदेशा भी बढ़ गया है। इसकी शिकायत स्थानीय दुकानदारों/ निवासियों ने नगर पालिका में जाकर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों और पार्षद को कई बार की है।

## गंज व्यावसायिक क्षेत्र में मुख्य मार्गो पर जमा हो रहा नाली का पानी



*कोठीबाजार व्यावसायिक क्षेत्र के अलावा गंज के भी मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र की रोड पर भी बारिश का पानी ओवरफ्लो होने से रोड तालाब में तब्दील हो जाती हैं। गंज मस्जिद से परशुराम चौक तक सड़क का निर्माण हो रहा है लेकिन पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। मस्जिद से बाबू चौक के मध्य बारिश होते ही नाली का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर जमा हो जाता है और देखते ही देखते तालाब बन जाता है। जिससे बदबू फैलने के साथ ही बीमारियां हो रहीं हैं। इसकी शिकायत स्थानीय रहवासियों ने नगर पालिका में संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों और पार्षद को कई बार की है परन्तु नगर पालिका के अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रहीं हैं। विगत माह नगर पालिका के कर्मचारी आए और थोड़ी बहुत सफाई करवा कर चले गए आज फिर हालात जस के तस बने हुए हैं। प्रभारी सीएमओ ब्रजगोपाल परते ने आश्वासन दिया है कि दो दिनों में नाली की समस्या से निजात दिला दी जाएगी। गणेश वार्ड पार्षद विजय जसूजा ने बताया कि नाली का मार्ग सकरा हो गया है जिसके कारण पानी की निकासी में समस्या आ रही है। श्री जसूजा ने कहा कि वे नपा अधिकारियों से बात कर नाली के पानी की निकासी की दिक्कत का निदान करने का शीघ्र प्रयास करेंगे।*

# युवा मोर्चा का आरोप निजी स्कूल संचालक ठग रहे अभिभावकों को

## कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला



शिक्षा के क्षेत्र को निजी स्कूल संचालकों ने व्यवसाय का धंधा बना लिया है। शासन प्रशासन के निर्देश की भी अवेहलना करने से निजी स्कूल संचालक पीछे नहीं दिखाई देते हैं। इसी बात को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष निलेश राठौर के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया कि स्कूल संचालक मनमर्जी से कार्य कर रहे हैं। नगर में संचालित स्कूल संचालकों के द्वारा बच्चों को पढ़ाई जाने वाली कॉपी, किताब अन्य सामग्री किसी एक निश्चित दुकान पर मिल रही हैं। प्रत्येक स्कूल की किताबें, ड्रेस व अन्य चीजों के लिए अलग-अलग दुकानदार फिक्स हैं। जो दुकान स्कूल के संचालकों के द्वारा चुनी हुई है उसी दुकान में वे सारी चीजें मिलेंगी अन्य दूसरी दुकान पर उक्त स्कूल की कॉपी किताब नहीं मिलेगी। दुकानदार व स्कूल संचालकों की मिलीभगत के चलते अपनी मनमर्जी से महंगे दामों में सामग्री बेच रहे हैं और अभिभावकों को मजबूरन उनसे खरीदना पड़ रहा है। इसके चलते अभिभावकों की जेब जमकर ढीली हो रही हैं। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश है कि किसी एक दुकान से स्कूल से संबंधित सामग्री को बेचा नहीं जाएगा। शासन के द्वारा पुस्तक मेले का आयोजन कर स्कूल सामग्री, प्रकाशक सहित अन्य सामग्री को उचित दामों पर उपलब्ध करवाया जाए लेकिन निजी स्कूल के संचालक मनमर्जी कर रहे हैं। इस अवसर पर युवा मोर्चा अध्यक्ष निलेश राठौर,अविनाश पांडे,संजय सोनपुरे, कन्हैया विजयकर, गब्बर अमझरे सहित अन्य युवा उपस्थित थे।

### नहीं देते पक्का बिल

जिन दुकानों से सामग्री क्रय की जा रही हैं। उन दुकानदारों के द्वारा पक्का बिल भी नहीं दिया जा रहा हैं। बिल मांगने पर या तो देते नहीं है अगर देते भी है तो कच्चा बिल थमा देते है। मतलब साफ है कि बिना जीएसटी बिल के दुकानदार सामान बेच रहा है। सरकार को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा हैं।

### मनपसंद प्रकाशक ओर सिलेबस

निजी विद्यालय के द्वारा अपने मनपसंद प्रकाशकों से पुस्तक छपवाई तो जाती है साथ ही अपना स्वयं का सिलेबस भी थोप देते हैं। जिससे बच्चे को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। स्कूल बदलते ही कोर्स कक्षा सेम सिलेबस बदलने से फायदा सीधे स्कूल संचालकों को होता है।

### अभिभावक की शिकायत भी ठंडे बस्ते में

बीते दिनों अभिभावक संजय बचले ने लाइफ कॅरियर स्कूल के खिलाफ कलेक्टर को शिकायत की थी। इसके बाद कलेक्टर ने जांच के आदेश भी दिए थे। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ, बीआरसी को जांच करना था। लेकिन शिकायत पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### इनका कहना है

इसके पहले भी शिकायतें हुई हैं बीईओ ने जांच करी है हम दिखवाते हैं।

**पूनम साहू,** तहसीलदार आमला

### किसानों को कृषि योजनाओं के लिए एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

सीहोर। कृषि विभाग की विभिन्न योजना अंतर्गत बीज, सिंचाई यंत्र एवं आदान सामग्री का लाभ लेने के लिए जिले के कृषक किसान पोर्टल एमपी किसान पर ऑनलाइन पंजीयन करायें। पंजीयन के लिए वेब ब्राउजर पर **kisan.mp.gov.in** वेबसाइट के माध्यम से स्वयं या नजदीकी एमपी ऑनलाइन पर जाकर आवेदन करें। जिले के किसान भाई, कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए वेब ब्राउजर पर जाकर **kisan.mp.gov.in** यूआरएल के माध्यम से कृषक भाई स्वयं ही पंजीयन कर सकते हैं। किसान पोर्टल पर जाने के लिये दिए गए यूआरएल **kisan.mp.gov.in** वेब ब्राउजर पर अंकित करें। कृषि योजना में पंजीयन करने के लिये कृषि योजना के लिये पंजीयन पर क्लिक करें। कृषि योजना के लिये पंजीयन करे, लिंक पर क्लिक करने बाद नए टैब में पंजीयन पेज ओपन हो जाता है तथा पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज जो संलग्न होने की जानकारी दी जाती है जैसे कृषक का आधार कार्ड, कृषक की भूमि से सम्बंधित जानकारी, कृषक की समग्र आई.डी, कृषक का जाति प्रमाण - पत्र यदि आवेदक अनु.जाति,अनु.जनजाति का हो तो जानकारी ध्यान पूर्वक पढ़े और आगे बढ़े बटन पर क्लिक करने के बाद, किसान पंजीयन फार्म प्रदर्शित हो जाता है जहां दो ऑप्शन प्रदर्शित होते है। आधार नंबर द्वारा पंजीयन अथवा भू-अभिलेख द्वारा पंजीयन करें ऑप्शन में से किसी एक ऑप्शन के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते हैं।

# बडोरा में भी चोरी, दुकानदार कह रहा चोरी हुई, पुलिस न पर अड़ी

## झूलेलाल मंदिर में चोरी से समाज के लोग आक्रोशित

**बैतूल।** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। चोर आसानी से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। ऐसे में पुलिस की रात्रि गश्त पर भी सवाल उठने लगे है। चोरों ने झूलेलाल मंदिर को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया, यहां से पंडित के निवास से सोने-चांदी के आभूषण और मंदिर की दानपेटी से रूपए चोरी कर लिए।

इधर बडोरा की शराब दुकान से चोरों ने नगदी सहित शराब की बोतलें चोरी की है। यहां की चोरी में दिलचस्प कहानी यह है कि दुकान संचालक कह रहा है कि चोरी हुई है, लेकिन पुलिस का कहना है कि वहां कोई चोरी जैसे कोई सबूत नहीं मिले है। दोनों चोरी की घटनाओं की शिकायत पुलिस में की है। झूलेलाल मंदिर के पुजारी दिलीप शर्मा और मंदिर के सदस्यों ने गंज थाने में चोरी की शिकायत की है, जिसमें बताया गया कि पुजारी दिलीप शर्मा, गणेश वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर परिसर में ही निवास करते है। वे तीन वर्षो से मंदिर में पूजा अर्चना का काम कर रहे है। मंदिर का दरवाजा सुबह साढ़े छ बजे खोला जाता है और शाम को 7 बजे बंद कर दिया जाता है। पंडित तीन-चार दिन के लिए विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बुरहानपुर गए थे। 7 जुलाई की रात्रि को अज्ञात चोरों ने मंदिर को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। मंदिर की दानपेटी का ताला तोड़कर नगदी लगभग 30 से 35 हजार रूपए चोरी कर लिए। वहीं पुजारी के घर का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर आलमारी में रखी तीन अंगूठी, एक मंगलसूत्र, सोने का पेंडल एवं नगदी 8 हजार रूपए चोरी कर लिए। जब अगले दिन सुबह अनिल हिराणी मंदिर पहुंचे तो उन्हें मंदिर की दानपेटी और पुजारी के घर का ताला टूटा मिला, इसकी सूचना पुजारी को दी गई। चोरी की घटना की शिकायत गंज थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। तीन दिन पहले बडोरा स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में चोरों ने धावा बोलकर चोरी को अंजाम दिया है। दुकान संचालक चोरी की घटना होने की बात कह रहे है। वहीं बैतूलबाजार पुलिस का कहना है कि शराब दुकान में कोई चोरी जैसे कोई सबूत नहीं मिले है।

### चार किमी दूर चल रहा था फर्नीचर मार्ट

# सीसीएफ उड़नदस्ते ने की 50 हजार की सागौन जब्त

**बैतूल।** रानीपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत सीसीएफ उड़नदस्ते ने एक रिजिस्टर्ड फर्नीचर मार्ट पर कार्यवाही कर बड़े पैमाने पर अवैध सागौन सहित मशीनें और औजार जब्त किए हैं। खास बात यह है कि रानीपुर परिक्षेत्र में रेंजर समेत कर्मचारियों का भारी लाव लश्कर मौजूद होने के बावजूद सीसीएफ उड़नदस्ते को कार्यवाही करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि उड़नदस्ते के पहुंचने के बाद स्थानीय अमला मौके पर पहुंचा। स्थानीय अमला बेखबर, सीसीएफ उड़न दस्ते को करनी पड़ी कार्यवाही दोपहर सूचना के आधार पर मुख्य जानकारी के मुताबिक मंगलवार वन संरक्षक पी के मिश्रा ने संलग्न अधिकारी जेएस धारवे के निर्देशन में टीम को मौके पर रवाना किया था। रानीपुर में शुभम बड़यि फर्नीचर मार्ट पर दबिश दी गयी लेकिन यहां से उड़न दस्ते को कुछ भी नहीं मिला। जानकारी मिली कि संचालक द्वारा नियम के विरुद्ध फर्नीचर मार्ट निर्धारित स्थान पर संचालित ना करते हुए कहीं और संचालित किया जा रहा है। पूछताछ के बाद जानकारी मिली कि फर्नीचर मार्ट चार किलोमीटर दूर ग्राम कुही में चलाया जा रहा है। जबकि यह स्थान वन विभाग द्वारा निर्धारित नहीं किया गया था। टीम जब मौके पर पहुंची तो मर्नीचर मार्ट में काम चल रहा था।

# कलेक्टर को ज्ञापन में बताया अतिक्रमण सुरक्षा और वन संरक्षण के लिए खतरा

## वन सुरक्षा समिति ने कोयलारी में अतिक्रमण हटाने की मांग की



**शाहपुर/भौरा।** ग्राम कोयलारी के निवासियों ने शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए मंगलवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के अनुसार, ग्राम कोयलारी की शासकीय भूमि पर बाहरी व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। यह अतिक्रमण मुख्यतः 160, 153, 159 खसरे की जमीन पर हो रहा है। वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष भैयालाल बारस्कर का कहना है कि यह अतिक्रमण ग्रामवासियों की सुरक्षा और वन संरक्षण के लिए खतरा पैदा कर रहा है। वन विभाग द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया और उन्होंने पाया कि अतिक्रमणकारियों ने चार खसरे की भूमि पर कब्जा कर लिया है। समिति का दावा है कि अतिक्रमणकारियों ने इन भूमि पर अवैध तरीके से खेती भी शुरू कर दी है। इसके अतिरिक्त, अवैध तरीके से निर्माण कार्य भी जारी है, जिससे स्थानीय वन्य जीवन को खतरा है। भैयालाल बास्कर ने मांग की है कि प्रशासन अतिक्रमण को हटाए।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान: ग्राम डहुआ के किसान बारंगे के खेत में लगाए आम और नारियल के पौधे



**बैतूल।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक प्रिया चौधरी, विकासखंड समन्वयक जयप्रकाशी परते एवं राधा बारोदे की उपस्थिति में ग्राम डहुआ के किसान राजेश बारंगे के खेत में पौधों का रोपण कर उनकी देखभाल किए जाने का संकल्प लिया गया। गांव-गांव में किसानों को उनके खेत में पड़त भूमि चारागाह एवं खेत की मेड़ पर पौधरोपण करने हेतु प्रेरित किए जाने का भी संकल्प लिया गया। जिला समन्वयक प्रिया चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री व अध्यक्ष म.प्र. जन अभियान परिषद डॉ.मोहन यादव ने सभी को इस अभियान से जुडने की अपील की है।

### पत्रकार अग्निहोत्री की स्मृति में स्कूल में किया पौधरोपण



भौरा। वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय कृष्ण कुमार अग्निहोत्री की स्मृति में स्थानीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय पत्रकार के छोटे भाई कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री उनके दोनों पुत्र राजा व संजू अग्निहोत्री, प्राचार्य कटारे सहित शालेय परिवार के सदस्य और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# जिले में अब तक 202.5 एमएम औसत बारिश दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में बीते 24 घंटे में सुबह आठ बजे तक 28.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 15, आष्टा में 56, जावर में 16, इछावर में 109, भैरूंदा में 9, बुधनी में 5, रेहटी में 13 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

जिले में एक जून से आठ जुलाई को सुबह 8 बजे तक 202.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 240.2 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से आठ जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केंद्र सीहोर में 246.6, मिलीमीटर, श्यामपुर में 266.5, आष्टा में 177, जावर में 161.3, इछावर में 384.5, भैरूंदा में 126, बुधनी में 117 तथा रेहटी में 141.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बैतूल विधायक की मदद से भूटान खेलने जाएंगे लाठी खिलाड़ी

# चैम्पियनशिप में हुआ है 15 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

देश के परम्परागत खेल लाठी में बैतूल जिले की खेल प्रतिभायें राष्ट्रीय ,अंतराष्ट्रीय स्तर परचंम लहरा रही है। बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल की मदद से बैतूल जिले के 15 खिलाड़ी सितम्बर माह में भूटान में आयोजित होनें वाली साउथ एशियन ट्रेडिशनल लाठी चैम्प्यिनशिप में भारत की टीम से शामिल होगें। उल्लेखनीय है कि साउथ एशियन चैम्पियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगिता में शामिल होनें में आर्थिक संकट बड़ी बाधा थी। जिसकी जानकारी मिलनें पर बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल नें चयनित खिलाड़ियों , उनके परिजनों एवं राष्ट्रीय कोच से चर्चा कर चैम्पिनशिप में शामिल होनें के लिए व्यय होनें वाली राशि का सहयोग का भरोसा देकर उन्हें सहयोग राशि प्रदान की। बैतूल विधायक के इस बडे.सहयोग से भावुक हुए खिलाड़ियों और उनके परिजनों नें श्री खण्डेलवाल को धन्यवाद ज्ञापित किया। **चयनित खिलाड़ियों ने बैतूल**



**विधायक को बताई समस्या :** उल्लेखनीय है कि दिसम्बर 2023 में हरिद्वार में आयोजित पंचम ट्रेडिशनल लाठी चैम्पियनशिप में 20 राज्यों के लगभग दो हजार खिलाड़ी शामिल हुए थे। ट्रेडिशनल लाठी के नेशनल कोच विनोद बुंदेले नें बताया कि उक्त चैम्पियनशिप में बैतूल जिले के सात बालक एवं आठ बालिका खिलाड़ियों का चयन भारत की टीम में द्वितीय साउथ एशियन ट्रेडिशनल लाठी चैम्पियनशिप भूटान के लिए हुआ है। श्री बुंदेले के मुताबिक एशियन चैम्पियनशिप में शामिल होनें के लिए खर्च होनें वाली राशि अधिकतर खिलाड़ियों के परिजन व्यय नहीं कर पा रहे है। जिससे जिले के ट्रेडिशनल लाठी खिलाड़ियों का एशियन चैम्पियनशिप में शामिल होना मुश्किल नजर आ रहा था। बुधवार शाम को नेशनल कोच विनोद बुंदेले के साथ चयनित 15 खिलाड़ियों और उनके परिजनों नें बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल से मुलाकात कर साउथ एशियन चैम्पियनशिप में शामिल होनें में आ रही आर्थिक बाधा से अवगत कराकर मदद की गुहार लगाई थी। खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ानें के लिए हमेशा तत्पर रहनें वाले बैतूल विधायक नें नेशनल कोच बुंदेले से भूटान जाने के लिए व्यय होनें वाली राशि की जानकारी ली। विधायक श्री खण्डेलवाल नें खिलाड़ियों को भूटान भेजनें के लिए व्यय होनें वाली दो लाख रुपये की राशि देनें का आश्वासन देकर रजिस्ट्रेशन के लिए मौके पर ही एक लाख रुपये की राशि खिलाड़ियों एवं परिजनों को भेट की। इस दौरान नेशनल कोच विनोद बुंदेले, बबन शर्मा,सुनील सोनी,विजय सावनेर,सचिन गौर,सुभाष संेदाने,के.के गावंडे,विनोद भोंडे,कृष्णकांत गांवडे,कमला बाई भोडे,मधु ललित रायपुरे,रविन्द्र डिगरसे सहित खिलाड़ी छात्र-छात्राये मौजूद रहे।

**विधायक नें दी इन खिलाड़ियों को भूटान खेलने की सौगात:** बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की आर्थिक मदद से जिले के 15 ट्रेडिशनल लाठी खिलाड़ियों को भारत की टीम से द्वितीय साउथ एशियन ट्रेडिशनल लाठी चैम्पियनशिप भूटान में खेलने की सौगात मिलेगी।

### नई शिक्षा नीति के अनुरूप होगा बच्चों के बस्ते का बोझ

# 5 साल के बच्चे की पीठ पर अब 5 किलो का बस्ता नहीं होगा, जांच के आदेश

**कक्षा पहली के बैग का वजन 1.6 से 2.2 किलो ग्राम, जबकि कक्षा आठवीं के बच्चे के बैग का वजन 2.5 से 4 किलो ग्राम होना चाहिए, लेकिन असल में कहानी कुछ अलग है। ऐसे में नई शिक्षा नीति के अनुसार स्कूली बस्तों के वजन की जांच के आदेश जारी हुए है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी


फाईल फोटो

प्रदेश सरकार ने नई शिक्षा नीति के अनुसार स्कूली बस्तों की भी गाइड लाइन जारी की थी, लेकिन यह गाइड लाइन ठंडे बस्ते में पड़ी हुई थी। हालांकि अब निजी स्कूलों में ली जाने फीस पर कार्रवाई करने के बाद लोक शिक्षण संचालनालय ने बच्चों के स्कूल बैग के संबंध में भी कदम उठाना शुरू कर दिया है। इसके तहत अब शासकीय व निजी स्कूल प्रबंधनों को स्कूल बैग पॉलिसी 2020 का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। पॉलिसी में पहली से लेकर 12वीं तक के बच्चों के स्कूल बैग के वजन की सीमा निर्धारित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने 6 जुलाई को स्कूल बैग पॉलिसी को लेकर निर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत स्कूलों को इसी हिसाब से समय सारणी बनानी होगी। जिससे बच्चों की पीठ पर बस्ते का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़े।

## जारी किया आदेश

जिला शिक्षा कार्यालय से जारी आदेशनुसार लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र क्रमांक अकादमिक/बस्ते का बोझ 6 जून 2024 को जारी किया है जिसमें विभिन्न कक्षाओं में बस्ते का वजन का तय किया गया है। इसके अलावा कम्प्यूटर, नैतिक शिक्षा, सामान्य ज्ञान, स्वास्थ शारीरिक शिक्षा, खेल एवं कला की कक्षांए बिना पुस्तकों के लगाने के निर्देश है। समस्त बीईओ, बीआरसी, संकुल प्राचार्य, जनशिक्षक अपने क्षेत्र की निजी विद्यालयों में भ्रमण कर इस आदेश का पालन सुनिश्चित करें एवं यदि किसी स्कूल में उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए है।

## यह होना चाहिए और यह हो रहा

कक्षा पहली के बैग का वजन 1.6 से 2.2 किलो ग्राम, जबकि कक्षा आठवीं के बच्चे के बैग का वजन 2.5 से 4 किलो ग्राम होना चाहिए, लेकिन इससे अलग छोटे- छोटे बच्चों के स्कूली बैग का वजन का करीब पांच किलोग्राम से ऊपर है। ऐसे में शासकीय- अशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं में राष्ट्रीय शिक्षा नीति हेतु स्कूल बैग पालिसी 2020 लागू करने के आदेश जारी हुए है।

## स्कूल बैग पॉलिसी 2020

लोक शिक्षण संचालनालय मप्र द्वारा 6 फरवरी 2024 आदेश जारी किया था जिसमें स्कूल बैग पॉलिसी 2020 के परिपालन में स्कूल बैग हेतु आदेश प्रसारित किया था जिसमें कक्षावार बस्ते के वजन की सीमा का निर्धारण निम्मानुसार है।इस संबंध में बीआरसी आनंद शर्मा का कहना है कि इटारसी क्षेत्र में बस्तें के वजन संबंधी स्कूलों को जांच के लिए पत्र जारी किए है,जांच जारी है।

### यह होना चाहिए बस्ते का वजन

- कक्षा पहली बस्ते के वजन की सीमा 1.6-2.2 किग्रा
- कक्षा दूसरी बस्ते के वजन की सीमा 1.6-2.2 किग्रा
- कक्षा तीसरी बस्ते के वजन की सीमा 1.7-2.5 किग्रा
- कक्षा चौथी बस्ते के वजन की सीमा 1.7-2.5 किग्रा
- कक्षा पांचवी बस्ते के वजन की सीमा 1.7-2.5 किग्रा
- कक्षा छटवी बस्ते के वजन की सीमा 2-3 किग्रा
- कक्षा सातवी बस्ते के वजन की सीमा 2-3 किग्रा
- कक्षा आठवी बस्ते के वजन की सीमा 2.5-4.0 किग्रा
- कक्षा नवमी बस्ते के वजन की सीमा 2.5-4.5 किग्रा
- कक्षा दसवी बस्ते के वजन की सीमा 2.5-4.5 किग्रा

# घर में आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक, ग्रामीणों ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ग्राम जमानी में बीती रात करीब 8 बजे एक आदिवासी मजदूर के घर में अज्ञात कारणों से लगी आग में लाखों रुपए का सामान और जरूरी दस्तावेज जलकर राख हो गये। सूचना पर पथरोटा पुलिस ने पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। ग्रामीण बुधराम भलावी परिवार सहित घटना के वक्त धान रोपने गये थे और घर में उनकी बेटी अकेली थी।

आग की जानकारी लगते ही ग्रामीणों ने खेतों में छिडक़ाव करने वाले पंप से पानी डालकर और अन्य साधनों से आग बुझाने में मदद की। इस दौरान दमकल भी मौके पर पहुंच चुकी थी। लेकिन, सारे प्रयास के बावजूद घर में रखे नगद, सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल, टीवी, अनाज, कपड़े, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और बच्चों की स्कूल की पुस्तक-कापियां और सर्टिफिकेट जलकर राख हो गये।

ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के लिए शासन से तत्काल मुआवजा की मांग की है। मौके पर पहुंचे पथरोटा थाना प्रभारी संजीव पवार ने पंचनामा तैयार कर लिया है। थाना प्रभारी संजीव पवार के साथ एसआई दुगेश मालवीय, प्रधान आरक्षक प्रकाश परते भी बल के साथ पहुंचे थे। पटवारी घटना में हुए नुकसान का आकलन कर रहे हैं। लेकिन अनुमान है कि पीड़ित को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

## रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली खनिज विभाग ने पकड़ी



**इटारसी।** एनजीटी की रोक के बाद भी रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन क्षेत्र में रूकने का नाम नहीं ले रहा है। रामपुर थाना क्षेत्र में खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान के नेतृत्व में रेत से भरी अवैध ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। खनिज विभाग की कार्रवाई के दौरान अवैध रेत भरकर जा रहा चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गया। कार्रवाई के बाद खनिज विभाग ने सुरक्षा की दृष्टि से अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रामपुर-गुर्रा थाने में पुलिस की अभिरक्षा में खड़ा करवाया है।

# मलेरिया से बचाव करने किया मच्छरदानियों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद



नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मलेरिया एवं कीटाणु जन्य रोगों से बचाव हेतु ग्राम वासियों को मिली मच्छर दानियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरी हरचंद के सेक्टर सुपरवाइजर रामखिलावन पटेल से पूछने पर उन्होंने बताया मलेरिया डेंगू फाइलेरिया एवं अन्य कीटाणु जनित रोगों से बचाव के लिए पूर्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए सर्वे के आधार पर ग्राम पंचायत सेमरी के निवासियों को समग्र आईडी के अनुसार मच्छरदानियों का वितरण किया जा रहा है कार्यक्रम में लगभग 100 ग्राम वासियों को मच्छरदानियों का वितरण किया गया बाकी बचे ग्राम वासियों को भी मच्छरदानी का वितरण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा इस अवसर पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ संदीप केरकेट्टा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर संदीप कुमार ओड आयुष मेडिकल ऑफिसर डॉ सुनील यादव मेडिकल ऑफिसर डॉ नेहा सरपंच चेतन मीना सुपरवाइजर रामखेलावन पटेल नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी भाजपा नेता मिथिलेश ठाकुर भाजपा मंडल महामंत्री राघव पटेल मंगेश महेश्वरी ब्रजमोहन मीना स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# लायंस क्लब के आगामी वर्ष के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष नियुक्त हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




लायंस क्लब के जिला 3233जी 2 यह आगामी वर्ष के अध्यक्ष सचिन कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष रीजन चेयरपर्सन चेयरपर्सन इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर 6 ईयर परसों एवं माइक्रो कैबिनेट के सदस्यों की स्कूलिंग एवं ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया इस अवसर पर लाइन विनोद वर्मा गेट एरिया लीडर प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित थे के गवर्नर लाइन मनीष शाह के द्वारा भोजबंधन किया गया अतिथियों के स्वागत के साथ सत्य के प्रथम चरण में सामूहिक रूप से उपस्थित इस वर्ष के समस्त जिला कैबिनेट पदाधिकारी क्लब ऑफिसर का स्वागत एवं सत्र की उपयोगिता के बारे में आयोजित समिति के अध्यक्ष नारायण डॉक्टर प्रकाश ने सदन में बताया कि तब पक्ष 22 डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ज्योति लाइन महेश मालवी 22 डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम एमजीएफ प्रवीण वशिष्ठ ने अपने विचारे रखें। मेंबरशिप फॉर लीडरशिप के साथ-साथ आने वाले वर्ष की योजना के संबंध में भी चर्चा की गई डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने इस सत्र की अपनी कर योजना मेंबरशिप ग्रंथ के साथ जिला एवं इंटरनेशनल के लक्षण के लिए टीम और कोऑर्डिनेटर सहित सभी को अपने दर को पूर्ण करने का आवाहन अपने डिस्ट्रिक्ट स्लोगन के साथ वर्ष को यादगार बनाने की अपील की और लक्ष्य पूर्ण होने पर सम्मानित करने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता विनोद वर्मा ने मिशन 1.5 के साथ क्लब अधिकारी एवं जिला अधिकारियों को गत के महत्व को बताते हुए समस्त लाइन साथियों का योगदान प्रसाद की है सेवा गतिविधियों से कैसा लिया जाए हम मेंबरशिप ग्रुप कैसे करें सफल लीडर कैसे बने इस बात पर अत्यंत प्रेरक उद्बोधन दिया आपने 107 वर्ष की लाइन वार्ड के इतिहास को गौरवशाली बताते हुए कहा कि वह इसका सदस्य होना ही अपने आप में गौरव की बात है विश्व की सबसे बड़ी सेवाभावी संस्था आज दूसरों से अधिक देशों में सेवा के क्षेत्र में परचम लहरा रही है इस दौरान राम लखन यादव ने सदन में उपस्थित समस्त लाइन साथियों को लाइन पोर्टल पर अपनी गतिविधि एवं प्रशासनिक कार्यों को किस तरह से रिलायंस इंटरनेशनल तक पहुंचना है लाइन पोर्टल उपयोगिता के बारे में बताया प्रथम सत्र में संचालन जिला कैबिनेट सचिन के द्वारा किया गया।

पूर्व जिला गवर्नर आयोजन समिति चेयर लाइन प्रथम सत्र में व्यवस्थित सफलतम रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निर्माण किया गति सत्र में अलग-अलग हाल में प्रशिक्षण सिविल रखे गए प्रमुख खाल में अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष प्रथम उपाध्यक्ष की स्कूलिंग रहा उसके संबंध में एचसीएफ कोऑर्डिनेटर लाइन एवं जीएसटी कोऑर्डिनेटर लाइन सत्र का संचालन भी किया गया उन्होंने अपनी जिम्मेदारियां के बारे में बताया गया जिज्ञासा में शांति किया एचसीएफ की महत्वपूर्ण गवर्नर के द्वारा भी उसे विषय में जानकारी दी गई जिसमें सभी पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ग्रुप से लाइन शरद द्विवेदी लाइन उर्वशी शाह लाइन अशोक पोषनीवाल नरेश शिक्षा मंच पर उपस्थित रहे।

# दो हिस्सों में बंटी सड़क, हादसों को न्योता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्री बूढ़ी माता मंदिर के साइड से पहाड़ी नदी के ऊपर से होकर डोलरिया मार्ग को जोडऩे वाली सडक़ दो हिस्सों में बंट रही है। सीमेंट रोड के बीच की दरारें बढ़ती जा रही हैं, जिससे दुपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना की आशंका बढ़ती जा रही है। दरारों को जल्द नहीं भरा गया तो कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

बता दें कि शहर को एक से अधिक बायपास देने की मंशा से विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने इसे अपने ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल किया था। नदी पर रपटा बना और फिर मंदिर के साइड से डोलरिया-मेहरागांव-बोरतलाई जोड़ तक 1.27 किलोमीटर की सडक़ बनायी गयी। इस मार्ग के बन जाने से दर्जनों गांव के लोगों को इटारसी शहर में आना-जाना सुगम हुआ है। ज्यादातर वाहन चालक मेहरागांव से नाला मोहल्ला होकर लंबा फेर से बचने इसी मार्ग का उपयोग करते हैं, इनमें सर्वाधिक दुपहिया वाहन होते हैं। करीब दो वर्ष 131.64 लाख रुपए की लागत से पूर्व बनी सडक़ का सीमेंट रोड वाला हिस्सा दो भाग में बंट रहा है और इसकी दरारें चौड़ी होती जा रही है। सडक़ की दरारें इतनी बढ़ गईं हैं कि दुपहिया वाहन का टायर इसमें फंसकर दुर्घटना का सबब बन सकता है। गांवों से दूध-सब्जी लाने वाले किसान और पशुपालक इस मार्ग का सबसे अधिक इस्तेमाल करते हैं, ऐसे में उनको जोखिम से बचाने के लिए इन दरारों को भरना अति आवश्यक हो गया है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ आरके पाठक ने बताया कि बारिश और गर्मी में इस तरह की चीजें सामने आती हैं, इसमें ज्वाइंट फिलिंग करना होती है। हमने ठेकेदार को इसके लिए पत्र दिया है, करीब दो वर्ष पूर्व रोड का निर्माण हुआ है। ठेकेदार यदि नहीं करता है तो उसकी जमा राशि राजसात करके काम किया जाएगा।

## ऋण की बकाया राशि 31 तक जमा करे

**नर्मदापुरम।** म.प्र पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम, भोपाल द्वारा वर्ष 1995-96 से पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्गो के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालें परिवारों को विभिन्न गतिविधियों में ऋण का वितरण किया जाता रहा है। जिला नर्मदापुरम में म.प्र पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम, भोपाल द्वारा पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण के हितग्राही को ऋण वितरण किया गया है। पिछडा वर्ग के ऋण में रु 129 लाख की राशि बकायादारो से वसूल की जाना है और अल्पसंख्यक वर्ग के ऋण में रु 32 लाख की राशि बकायादारो से वसूल की जाना है।

# जेडी के निरीक्षण के दौरान स्कूल में लटकता मिला ताला, छात्राएं बैठी थीं बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



बुधवार को शिक्षा विभाग की संयुक्त संचालक और उपसंचालक क्षेत्र के स्कूलों में पहुंची, जहां स्कूलों में ताला डला मिला। जिस जेडी भावना दुबे ने नाराजगी जाहिर कर स्कूल के गेट पर बच्चियों के साथ बैठकर स्कूल खुलने का इंतजार किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोलरिया एवं रेसलपुर के स्कूल में ताला मिला।

दोनों अधिकारी भावना दुबे संयुक्त संचालक एवं ज्योति प्रहलादी उपसंचालक ने समस्त स्टाफ का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिसरोद में साफ सफाई के निर्देश दिए जारी किए।

शासकीय हाई स्कूल देशमोहनी में बच्चों को बढ़ाए जाने पर जोर देने की बात कही। जेडी भावना दुबे ने बताया कि लगातार निरीक्षण किया जाएगा, सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचे, नियम अनुसार अध्यापन का कार्य करना सुनिश्चित करे। अगर आगामी निरीक्षण में पुनरावृति होती है तो ,एक वेतन वृद्धि रोकने के प्रस्ताव भी वरिष्ठ कार्यालय को भेजे जाएंगे।

## कृषि उपज मंडी में मिला युवक का शव

**इटारसी।** शहर की कृषि उपज मंडी में बुधवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। युवक पहचान भोपाल निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू पिता मनोहर उम्र 32 के रूप में हुइर है। यह भोपाल के वार्ड नंबर 56 हूजुर का रहने वाला है। जीतू जीवन ट्रांसपोर्ट में क्लीनिर का काम करता है जो ड्रायवर के साथ इटारसी आया था। रात में ड्रायवर उसे वहीं छोड़कर अपने घर चला गया था। सुबह लोगों ने उसका शव देखकर पुलिस को खबर की। पुलिस ने ट्रांसपोर्ट संचालक के माध्यम से परिजनों को सूचना पहुंचाई गई है।उनके आने के बाद गुरूवार को पीएम होगा।

# चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सिटी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान तिलक मार्केट में चोरी का प्रयास करते हुए उत्तर प्रदेश के एक चोर को पकड़ा है। चोर मोहित पिता नंदकिशोर मेहरा उम्र 35 वर्ष निवासी वृंदावन गार्डन के पास न्यास कालोनी की दुकान का ताला तोडक़र चोरी का प्रयास कर रहा था। फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफधारा 303(2), 62 बीएनएस का कायम कर विवेचना की गई। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी इटारसी गौरव सिंह बुन्देला ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र तथा एसडीओपी इटारसी महेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में टीम बनाकर कस्बा में मुखबिर को माध्यम बनाकर सर्चिंग प्रारंभ की गई। टीम ने मुखबिर की सूचना पर सुदामा पिता बसंत निबोले उम्र 19 वर्ष निवासी मिर्जापुर (हथेड़ा) थाना खलिया, जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश को बस स्टेंड इटारसी के पास संदिग्ध अवस्था में पकडक़र गहन पूछताछ की तो उसने जुर्म स्वीकार करते हुए उक्त चोरी के प्रयास की घटना स्वीकार किया।

उसने बताया कि वह रात में चोरी करने के उद्देश्य से उक्त दुकान का ताला तोडक़र अंदर प्रवेश कर ही रहा था, तभी पुलिस का सायरन सुनकर दुकान से निकल भागा, यह भी स्वीकार किया कि यदि पुलिस नहीं आती तो वह मार्केट में कुछ और दुकान में चोरी कर फरार हो जाता। आरोपी से घटना में ताला तोडऩे के लिए उपयोग में लाई गई हथोड़ी, पेंचकस और कैंची तथा दरांती आदि सामग्री जब्त की है। आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला, उपनिरीक्षक राधेश्याम पवार, प्रधान आरक्षक अशोक चौहान, भूपेश, आरक्षक जितेन्द्र नरवरे, गजेन्द्र डडोरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी

# सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में हुआ पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



जिस प्रकार प्रकृति का लगातार दोहन हो रहा है और लगातार वनों को काटा जा रहा है इसका दुष्परिणाम हमें इस वर्ष देखने को मिला है हीट वेव के चलते कई लोगों को अपने प्राण दबाना पड़े हैं यह देखते हुए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वृक्ष लगाने का संकल्प लिया है जिस योजना को नाम दिया गया है एक पेड़ मां के नाम उसी के अंतर्गत आज सिवनी मालवा बाराखडी बाईपास स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में बृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छोटे-छोटे भैया बहनों से लेकर पालक गण,समाजसेवक पूर्व छात्र पूर्व छात्र वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मुख्य रूप से कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन नगर पालिका उपाध्यक्ष स्वाति शैलेंद्र गौर पार्षद सरिता अग्रवाल अनीता शर्मा राष्ट्रीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष रामेश्वर जाट समाजसेवी पूनम गहलोत राजेश बाथव राघवेंद्र शुक्ला विजय शंकर पुष्पा सोनी जितेंद्र एवं मातृशक्ति उपस्थिति रही विद्यालय एक दृष्टि एक सृष्टि विषय पर प्रधानाचार्य नामदेव मनकर के द्वारा विद्या भारती की योजनाओं को सबके समझ रखा गया तथा कार्यक्रम का संचालन लीना यादव दीदी ने किया आभार समिति के अध्यक्ष रितेश जैन के द्वारा किया गया कार्यक्रम समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## देवेन्द्र परिहार बिजली कंपनी में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**इटारसी।** विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने बिजली विभाग में अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि के रूप में देवेंद्र सिंह परिहार को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है।नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र परिहार को डॉ. शर्मा ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे, अभिषेक कनोजिया और अन्य पार्षदगण भी उपस्थित रहे।

# विधानसभा प्रभारी का तुलादान एवं पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा प्रभारी भाजपा नेता नवनीत सिंह नागपाल का जन्मदिन भाजपा नेताओं के द्वारा तथा उनके समर्थकों के द्वारा मंगलवार चौराहे पर आतिशबाजी कर गुरुद्वारा में पूजन करने के बाद नगर पालिका द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में जाकर फल वितरण किए गए, उसके पश्चात तुलादान किया गया और नगर में विकास कार्य की श्रृंखला में कायाकल्प योजना के अंतर्गत नगर के प्रमुख मार्ग चारों तरफ निर्माण अधीन है वहां पर उनकी धर्मपत्नी नीना नागपाल विधानसभा नवनीत नागपाल के द्वारा मंगलवार चौराहे पर वृक्षारोपण किया गया इस दौरान उनके सभी समर्थक विशेष रूप से उपस्थित रहे उसके पश्चात उनके निवास पर सुबह से ही जन्मदिन मनाने वाले लोग केक लेकर पहुंचते रहे। धूमधाम से महोत्सव के रूप में जन्मदिन मनाया गया इसी तरह से रमेश पटेल की द्वारा भी एक गोविंद पैलेस में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान विधायक ठाकुरदास नागवंशी ममता नागवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी राजा भैया पटेल पुरुषोत्तम रघुवंशी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**नटराज बीज उत्पादक एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति मर्या. काजलखेडी, जिला-नर्मदापुरम (प.क्र.3092)**

आमसभा सूचना

नटराज बीज उत्पादक एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति मर्या. काजलखेडी, जिला-नर्मदापुरम के समस्त सम्मानीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु दिनॉक 25. 07.2024 को संस्था कार्यालय, ग्राम काजलखेडी, पर सुबह 10.00 बजे से आमसभा आयोजित की गई है। आमसभा में संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन किया जाना है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। संचालक मण्डल के निर्वाचन का कार्यकम संस्था के सूचना पटल पर आज दिनॉंक 09.07..2024 को चस्पा कर दिया गया है।

**प्रबंधक**
**नटराज बीज उत्पादक एवं क्रय विक्रय सहकारी समिति मर्या. काजलखेडी, जिला-नर्मदापुरम**

## खबर संक्षेप

### शराब के अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहन राजसात

**हरदा।** शराब के अवैध परिवहन में प्रयुक्त बाइक को राजसात करने के आदेश कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आदित्य सिंह ने मंगलवार को जारी किए हैं। जारी आदेश में जप्त की गई 18 हजार रूपये मूल्य की 54 लीटर शराब को नष्ट करने के निर्देश भी दिये हैं। मदिरा नष्टीकरण की कार्रवाई नष्टीकरण समिति के समक्ष की जाएगी। उल्लेखनीय है कि गत दिनों चम्पालाल पिता कुंजी कोरकू एवं किशोर पिता सोमा कोरकू द्वारा बाइक पर जूट के बारे के अंदर रखकर 6 नग कार्टुन में 300 नग देशी प्लेन अवैध शराब के क्वाटर का अवैध परिवहन किया जा रहा था, जिस पर छीपाबड़ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत यह प्रकरण पंजीबद्ध हुआ था।

### 24 घंटों में जिले में 8 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 7.4 मिमी, टिमरनी में 22.8 मिमी, खिरकिया में 1.2 मिमी, रहटगांव में 4 मिमी व सिराली में 5 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 180.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 213.2 मिमी, टिमरनी में 145 मिमी, खिरकिया में 136 मिमी, रहटगांव में 230.2 मिमी व सिराली में 178.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष 10 जुलाई तक 138.8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी थी।

### 31 जुलाई तक कराएं फसलों का बीमा

**हरदा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2024 में अधिसूचित फसलों का फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक नियत की गई है। उपसंचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि किसान खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक संबंधित बैंक, समिति अथवा कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि खरीफ फसल सोयाबीन की प्रीमियम राशि 730 रुपए प्रति हेक्टेयर, मक्का की प्रीमियम राशि 660 रुपए प्रति हेक्टेयर तथा धान असिंचित की प्रीमियम राशि 620 रुपए प्रति हेक्टयर निर्धारित की है।

### जिला चिकित्सालय में आज लगेगा नसबंदी शिविर

**हरदा।** प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस हेल्दी टाइमिंग एण्ड स्पेसिंग ऑफ प्रेग्नेंसिस फॉर वेल बीइंग ऑफ मदर एंड चाइल्ड की थीम पर मनाया जा रहा है। इस वर्ष 1 जून से 11 अगस्त के मध्य विश्व जनसंख्या दिवस अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 11 जुलाई से 11 अगस्त तक जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में नसबंदी की जाएगी। जिला चिकित्सालय में 11 जुलाई से प्रतिदिन नसबंदी शिविर लगाया जाएगा।

### फसल बीमा राशि की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**हरदा।** कलेक्ट्रेट में बुधवार को खिरकिया तहसील के पटवारी हल्का नम्बर 14 एवं 15 अंतर्गत आने वाले किसानों ने वर्ष 2022-23 की फसल बीमा राशि दिलाने की मांग को लेकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्राम लोनी के रहने वाले किसानों ने बताया कि वर्ष 2022-23 में अति बारिश और वायरस की वजह से सभी किसानों की फसल बर्बाद हो गई थी। जिससे किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ था। जिसके बाद किसानों ने कृषि एवं राजस्व विभाग को फसल के खराब होने की जानकारी प्रदान की गई थी। लेकिन उसके बाद भी किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि नहीं मिल पाई है। जबकि कुछ किसानों को उक्त राशि मिल गई है। गांव के किसानों ने आरोप लगाया है कि बीमा कंपनी के अधिकारी भरत राजपूत द्वारा अपने पारिवारिक लोगों एवं रिश्तेदारों को जो क्षतिपूर्ति राशि विधि विरूद्ध तरीके से दिलवाई गई है। यदि हम कृषक पात्र हैं तो हमें भी क्षतिपूर्ति राशि अनिवार्य रूप से दिलवाई जाए। अन्यथा जिन किसानों को सांठ-गांठ करके एवं व्यक्तिगत रूप से शासन के धन का दुरूपयोग कर लाभ प्राप्त करवाया गया है, उन किसानों से शासकीय धन की वसूली की जाए एवं उचित कानूनी कार्रवाई जाए।

### ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए बड़े वृक्षों का होना जरूरी

# पौधारोपण से बढ़कर कोई पुण्य नहीं : महापौर अमृता यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

अंधाधुंध वनों की कटाई के कारण पर्यावरण का नुकसान और प्रकृति का संतुलन बिगड़ गया है। इसे बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पौधा रोपण आवश्यक है। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि महापौर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए बड़े वृक्षों का होना जरूरी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान शुरू किया है, जिसे नगर के वातावरण को शुद्धता और हरियाली से भरने के लिए विधायक कंचन तनवे ने भी समर्थन दिया है।

महापौर अमृता यादव ने निगम प्रशासन के सहयोग से एक लाख पौधे लगाने का निर्णय लिया है। बुधवार को नगर निगम प्रशासन के तत्वावधान में महापौर अमृता यादव के मुख्य आतिथ्य में और जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेडे, विधायक कंचन तनवे, परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा के विशेष आतिथ्य में नागचून स्थित छोटी नहर के पास वृहद् पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि पौधे का रोपण कर उसे बड़ा करना आज की आवश्यकता है। शासन प्रशासन अपने दायित्व का निर्वहन कर रहा है, लेकिन पौधारोपण में आमजन की भागीदारी आवश्यक है।

पीपल, बड़, और नीम जैसे वृक्ष वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाते हैं और धरती के तापमान को कम करते हैं। तीनों महिला प्रतिनिधियों महापौर, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष ने त्रिवेणी के रूप में पीपल, नीम, और बड़ के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम में निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और सहयोगी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, निगम के अधिकारी कर्मचारी, और स्कूली बच्चे उपस्थित थे। महापौर अमृता यादव ने सभी से अनुरोध किया कि वे अपने घर आंगन में एक पौधा अपनी मां के नाम लगाकर उसे बड़ा करें, ताकि आने वाली पीढ़ी को निरोगी बनाया जा सके।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान

## पुलिस थाना, चौकी परिसर, पुलिस लाइन में परिवार के साथ बड़े पैमाने पर होगा पौधारोपण, 1100 पौधे रोपेगी पुलिस

*बुरहानपुर। पर्यावरण संरक्षण के लिए चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पुलिस विभाग 11 जुलाई को बड़े पैमाने पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसके तहत थाना, चौकी, पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण होगा। सुबह 11 बजे जिले के सभी थाना, चौकियों और पातोंडा स्थित पुलिस लाइन में पौधारेपण किया जाएगा। एसपी देवेंद्र कुमार पाटीदार के नेतृत्व में अभियान एक पेड़ मां के नाम चलाया जाएगा। सभी थाना, चौकी परिसर और पुलिस लाइन में पौधारोपण किया जाएगा। पुलिस अधिकारी, कर्मचारी पर्यावरण की रक्षा, मां के प्रति कृतज्ञता जताते हुए अपने परिजन केस साथ पौधारोपण करेंगे। करीब 1100 पौधे अभियान के तहत लगाए जाएंगे। सुबह 11 बजे पातोंडा पुलिस लाइन में पौधारोपण होगा। हरियाली बढ़ाने के लिए इस अभियान को अधिक से अधिक लोगों तो पहुंचाने के लिए डिजिटली रिकार्ड करने के लिए सेल्फी लेकर वायुदुत एप पर भी अपलोड किया जाएगा।*

### भोलाना वन क्षेत्र में वन विभाग की कार्रवाई


## अतिक्रमणकारियों से 20 हेक्टेयर वनभूमि मुक्त कराई



**बुरहानपुर।** जिले के वन क्षेत्रों में अतिक्रमणकारी अब भी कुछ जगह सक्रिय हैं। वन विभाग की नजर हटते ही नया अतिक्रमण कर वनभूमि पर बोवनी भी कर दी जाती है। ऐसा ही एक मामला बुधवार को बुरहानपुर वन मंडल के तहत कक्ष क्रमांक 5 का सामने आया जहां अतिक्रमणकारियों ने वन भूमि पर अतिकमण कर लिया था। करीब 20 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिक्रमणमुकत कराया गया। जेसीबी से अतिक्रमणरोधी खंतियां खोदी गई और नव अंकुरित फसल को नष्ट कर वहां बीज बुआई की गई। बुरहानपुर एसडीओ अजय सागर ने बताया सूचना मिली थी कि भोलाना वन क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों ने वन भूमि पर अतिक्रमण कर फसल लगाई है। रेंजर लक्ष्य सोलंकी अीम के साथ पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। आगे अतिक्रमण न हो इसलिए यहां जेसीबी से खंती खुदवाई गई। डिप्टी रेंजर योगेश सावकारे, बीट गार्ड उमेश गावड़ सहित टीम मौजूद रही।

## दंत-शक्ति अभियान के तहत शिक्षकों का प्रशिक्षण आज

*हरदा। जिले के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 5 से 10 वर्ष की आयु के बच्चों में दांत साफ करने के लिये टूथ ब्रशिंग की आदत डालने के उद्देश्य से दंत शक्ति अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत इस कार्यक्रम के लिये देश में सर्वप्रथम हरदा जिले का चयन किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि जिले की सभी सरकारी प्राथमिक शालाओं के बच्चों को ओरल हेल्थ प्रमोशन कार्यक्रम के तहत 11 जुलाई गुरूवार को शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। यह प्रशिक्षण जनपद पंचायत खिरकिया के सभाकक्ष में प्रातः 10 बजे से तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराली में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया जावेगा। प्रशिक्षण में उप संचालक ओरल हेल्थ डॉ. प्रतिभा अहिरवार, डॉ धीरज धुपारे, डॉ सौम्या राठी एवं अर्चना अवस्थी द्वारा द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।*




## उग्र आंदोलन की तैयारी में भाकिसं

**हरदा।** कृषि उपज मंडी में भारतीय किसान संघ का बुधवार को धरने का सातवां दिन है। बुधवार सुबह खिरकिया तहसील के किसानों ने धरने में उपस्थिति दर्ज कराई। किसानों की तीन मांगों में से एक दिन में 40 क्विंटल प्रतिदिन की तुलाई की मांग मान ली गई है, लेकिन 8 से 16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की खरीदी एवं सभी खरीदी केंद्र पर बड़े प्लेट कांटों से तुलाई करने की मांग को लेकर अभी आंदोलन जारी रहेगा। भारतीय किसान संघ के जिला प्रवक्ता राजनारायण गौर ने बताया कि संगठन की सबसे प्रमुख मांग तुलाई की मात्रा बढ़ाए जाने की है, क्योंकि किसानों ने जिस मात्रा में उत्पादन किया है, लेकिन सरकार ने खरीदी की मात्रा गत वर्ष की तुलना में घटा दी है, जिससे किसानों को करोड़ों का नुकसान भुगतान पड़ रहा है। भारतीय किसान संघ भोपाल में उग्र आंदोलन करने की तैयारी में जुटा है, जिले की सभी तहसीलों के किसानों से विचार-विमर्श कर भोपाल में उग्र की रणनीति बनाई जा रही है।

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेने आवेदन आमंत्रित

**खंडवा।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अन्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग खंडवा द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। प्रदेश के युवा शिक्षित बेरोजगारों को जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष की है, उन्हें स्वयं का रोजगार प्रारंभ करने के उद्देश्य से म.प्र. शासन, द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत उद्योग लगाने के लिए 50 लाख तक का ऋण तथा सेवा एवं फुटकर व्यवसाय के लिए 25 लाख तक का ऋण दिया जाएगा। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र खण्डवा टी.आर. रावत ने बताया कि आवेदक निर्माण उद्योग, सेवा व व्यवसाय क्षेत्र के सभी प्रोजेक्ट जो क्रेडिट ग्यारंटी फंड ट्रस्ट फार माइक्रो एंड स्माल इन्टरप्राइजेस अन्तर्गत लोन गारंटी के लिए पात्र हैं। योजना का लाभ लेने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 8 वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इसके अलावा परिवार की सालाना आय 12 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। यदि परिवार आयकर दाता है तो उसे पिछले तीन साल की इनकम टैक्स रिटर्न की जानकारी भी देना होगी। आवेदक बैंक अथवा वित्तीय संस्था से डिफाल्टर न हो। वर्तमान में राज्य या केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का लाभ नहीं ले रहा है। आवेदक द्वारा प्रस्तावित 10 लाख रूपए से कम के प्रोजेक्ट के लिए साधारण प्रोजेक्ट रिपोर्ट और 10 लाख से अधिक के प्रोजेक्ट के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट आवेदन के साथ देनी होगी। आवेदन एक वित्तीय वर्ष के लिए मान्य होगा। आवेदक जिले का निवासी हो। समग्र आई.डी, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र होना आवश्यक है।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन कार्यक्रम शुरू होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

देश में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के लगातार बढ़ रहे प्रकरणों को ध्यान में रखते हुए सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा है।

इस अभियान के प्रचार-प्रसार के लिये बुधवार को मीडिया प्रतिनिधियों और समाज सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों की कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पेपीलोमा वायरस के संक्रमण के कारण होता है। यदि सही समय पर इस रोग का उपचार किया जाए तो इस रोग से प्रभावित महिलाओं की जान बचाई जा सकती है। उन्होने बताया कि कलेक्टर श्री आदित्य सिंह के निर्देश पर समाज सेवी संगठनों की



मदद से पहले चरण में 9 से 15 साल की उम्र की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये निःशुल्क टीका लगाया जाएगा। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में आईएमए की सचिव डॉ. ममता जीवने व डॉ. सनी जुनेजा ने सर्वाइकल कैंसर के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों और समाज सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि विष्व स्तर पर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर सबसे आम स्त्रीरोग संबंधी कैंसर रोग है। यह महिलाओं की युवा आबादी में सामान्यतः पायी जाने वाली बीमारी है। सर्वाइकल कैंसर की शुरूआती अवस्था में महिलाओं में कोई लक्षण नजर नही आते है। शुरूआती अवस्था में सर्वाइकल कैंसर का पता लगने पर इसका उपचार आसान रहता है। महिला में सर्वाइकल कैंसर होने पर अनियमित माहवारी, सफेद एवं बदबूदार वेजाईनल स्त्राव, रजोनिवृत्ति उपरांत रक्त स्त्राव तथा पेट एवं कमर दर्द जैसे लक्षण दिखाई देते है।

## सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल ने जमा की दो लाख रुपए जुर्माने की राशि

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के आदेश पर सीहोर के सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल ने जुर्माने की राशि दो लाख रुपए जमा करा दी है। स्कूल प्रबंधन ने उपस्थित होकर कलेक्टर के आदेश के पालन में लिखित रूप से फीस वृद्धि तत्काल वापस ले ली है। इसके साथ ही शिक्षा सत्र 2023-24 की फीस का समायोजन आगामी शिक्षा सत्र 2024-2025 करने की सहमति दी है। जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने बताया कि सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल प्रबंधन ने कहा कि पालक किसी भी दुकान से पुस्तके क्रय कर सकते हैं। किसी भी प्रकार का कोई दबाव पुस्तक क्रय करने के लिए पालकों पर नहीं बनाया जाएगा। स्कूल प्रबंधन द्वारा हर धर्म का समान भावना से आदर करने तथा सर्व धर्म में विश्वास की बात कही। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर गत दिनांक राजस्व विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय तथा नगर पालिका की टीम द्वारा सेंट एन्स सीनियर सेकंडरी स्कूल द्वारा जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर कुर्की की कार्रवाई की गई।

## बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं में एक मुश्त समझौता दिवस 11 जुलाई को

**खंडवा।** जिले में बैंक ऑफ इंडिया अंतर्गत समस्त शाखाओं में 11 जुलाई 2024 को समझौता दिवस का आयोजन किया जा रहा है। आंचलिक कार्यालय खण्डवा द्वारा बताया गया कि सभी शाखाओं में समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया जा रहा है जो उधारकर्ता व्यवसाय व चिकित्सा स्थिति में परेशानी या किसी अन्य वास्तविक कारणों से समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके है। बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों का निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजना संचालित हैं। योजना के माध्यम से एनपीए उधारकर्ताओं को विशेष और अच्छी छूट की सुविधा है। सभी एनपीए उधारकर्ताओं से अपील की है कि वे 11 जुलाई को समझौता दिवस पर अपने एनपीए ऋण खातों का निपटान कर लें।

## आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न

**हरदा।** आयुष विभाग द्वारा छात्रावास में बुधवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने बताया कि कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास चारूवा में निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में छात्रावास की 100 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर रोग अनुसार औषधि प्रदान की गई एवं वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गये। शिविर में डॉ. प्रेमनारायण इवने ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में शर्मिला सल्लाम, ब्रजवती भारिया, नंदकिशोर देवड़ा छात्रावास अधीक्षिका ज्योति वर्मा ने सहयोग किया।




### अमृत-2 योजना : शहर में 95 किमी में बिछाया जा रहा जाल

# 27 करोड़ से डाली जा रही पाइप लाइन, 10 हजार परिवारों को होगा फायदा, 7 टंकियां भी रखवाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अमृत 2 योजना के तहत लोगों को पानी की किल्लत से निजात दिलाने के लिए शहर में 95 किलोमीटर एरिया में पाइपलाइन का जाल बिछाया जा रहा है।

प्लान के तहत काहेरी से सीहोर तक 50 किलोमीटर लंबी और 200 से 250 एमएम की पाइपलाइन डाली जा रही है, जो 20 प्रतिशत रिपेयर और 80 प्रतिशत पूरी बदली जा रही है। जिससे बार-बार लाइन डेमेज की परेशानी नहीं होगी। वहीं जहां पाइपलाइन के बार-बार फूटने और गंदा पानी आने की शिकायत थी, वहां पुरानी पाइपलाइन उखाड़कर



उसके स्थान पर नई डाली जा रही है। वहीं इंग्लिश पुरा वाली लाइन में लोगों द्वारा गंदा पानी आने की शिकायत थी, जिसे बदलकर नई लाइन डालने का काम जारी है। इस पूरे प्लान में 27 करोड़ की लागत खर्च की जा रही है। जिससे लगभग दस हजार परिवारों को सीधे तौर पर फायदा होगा और जलसंकट से काफी हद तक निजात मिल सकेगी।

### यहां डाली जा रही पाइपलाइन

जिन कॉलोनियों में अभी पाइपलाइन डालने का काम चल रहा है उनमें गंज, इंग्लिशपुरा, मंडी क्षेत्र, बड़ियाखेड़ी और एक, दो, तीन नंबर वार्ड में लाइन डालने का काम जारी है।

### जल संकट से मिलेगी राहत

शहर में अभी वर्तमान में लोगों को तीन टंकियों से पानी सप्लाई किया जाता हैं। वहीं नप द्वारा नगर के अलग-अलग क्षेत्र में सात नई टंकियां रखवाई जा रही है। जिनमें इंदौर नाका, हाउसिंग बोर्ड और पुराने आरटीओ ऑफिस के पास आदि जगह रखवाई जाएंगी। जिनकी क्षमता आबादी के हिसाब से 13 लाख, 10 लाख होगी। भविष्य में इनकी संख्या बढ़कर दस हो जाएगी। जिससे जिन क्षेत्रों में पानी का पलो कम होता था या कम प्रेशर से पानी पहुंचता था वहां अब प्रेशर से पानी पहुंच सकेगा। जिससे लोगों को जलसंकट के समय थोड़ी राहत मिलेगी। नप जल शाखा प्रभारी एई रमेश वर्मा ने बताया कि बदली और कई जगह नई डाली जा रही है। वहीं जलसंकट से निजात दिलाने के लिए सात नई टंकियों का निर्माण कराया जाएगा।

## ग्राम मदनी में महिलाओं को दी मातृत्व लाभ के बारे में जानकारी



**खंडवा।** कलेक्टर अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में महिला शक्ति केंद्र, वन स्टॉप सेंटर में महिला शिविर का आयोजन किया गया। महिला शक्ति केंद्र शिविर का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास, रोजगार, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य और पोषण के अवसरों के साथ सशक्त बनाकर महिलाओं की स्थिति को ऊपर उठना है। इसी क्रम में 26 जून को डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन खंडवा के 100 दिवसीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनी में बुधवार को महिलाओं को मातृत्व लाभ के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शिविर में पी.एम.एम.वी.वाई. योजना अंतर्गत नामांकन अभियान, बच्चे के जन्म से पहले पोषण और पर्याप्त आराम की आवश्यकता के संबंध बताया। इस दौरान पीएमएमवीवाई लाभों के प्रभाव का आकलन करने के लिए पीएमएमवीवाई लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की।